दिनांक : 30.04.2026 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

पी एम मोदी- सुभाषितम्

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की सबसे बड़ी ताकत उसके कर्मठ और ऊर्जावान नागरिक हैं। सोशल मीडिया पर संस्कृत सुभाषितम् साझा करते हुए उन्होंने कहा कि नागरिकों की मेहनत से ही विकास के नए रास्ते खुलते हैं।

धार घटना

धार जिले में हुई दर्दनाक सड़क दुर्घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गहरा दुख जताया है। श्री मोदी ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये की मदद मंजूर की है, वहीं मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख, गंभीर घायलों को एक-एक लाख और सामान्य घायलों को 50-50 हजार रुपये देने के निर्देश दिए हैं। धार जिले में इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन मार्ग पर कल रात हुए पिकअप वाहन हादसे में मरने वाले मजदूरों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है, जबकि 24 घायलों का इलाज धार और इंदौर के शासकीय व निजी चिकित्सालयों में जारी है।

रेल

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज जम्मू तवी स्टेशन से श्रीनगर-जम्मू वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन अब कटरा की बजाय सीधे जम्मू तवी तक चलेगी। नियमित सेवा शनिवार से शुरू होगी और इससे वैष्णो देवी व अमरनाथ यात्रियों को खासा फायदा मिलेगा।

गेहूं केंद्र निरीक्षण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज खरगोन जिले के कतरगांव गेहूं उपार्जन केंद्र का अचानक दौरा किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दूसरी तरफ किसानों

को राहत देते हुए डॉ. यादव ने प्रदेश में गेहूं खरीदी की अवधि 9 मई से बढ़ाकर 23 मई कर दी है।

अमित शाह- लद्दाख दौरा

गृहमंत्री अमित शाह आज से दो दिन के दौरे पर लद्दाख हैं। इस दौरान वे बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर कल से शुरू हो रहे भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की पहली अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में भाग लेंगे। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने कहा कि विश्व के विभिन्न हिस्सों से आए श्रद्धालु इस प्रदर्शनी में भगवान बुद्ध के अवशेषों की पूजा करेंगे।

शिवराज सिंह- सीहोर

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर जिले के ग्राम पिपलानी में आयोजित "आदर्श गोंड समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन" में शिरकत कर नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर उन्होंने समाज को संबोधित करते हुए सामूहिक विवाह की परंपरा की सराहना की।

आयुष्मान दिवस

आज पूरे देश में आयुष्मान भारत दिवस मनाया जा रहा है. इसका मकसद सरकार की इस बड़ी स्वास्थ्य योजना के बारे में लोगों में जागरूकता फैलाना है। 2018 में शुरू हुई यह दुनिया की सबसे बड़ी सरकारी स्वास्थ्य बीमा योजना है, जिसके तहत पात्र परिवारों को हर साल 5 लाख रुपये तक का मुफ्त और कैशलेस इलाज मिलता है। प्रदेश में अब तक 4 करोड़ 46 लाख से ज्यादा आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं।

मौसम

प्रदेश में भीषण गर्मी का कहर जारी है। कल सीधी 43.8 डिग्री के साथ प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जबकि भोपाल में पारा 43.7 डिग्री तक पहुंच गया जो इस सीजन का रिकॉर्ड है। हालांकि अब राहत के संकेत मिल रहे हैं और मौसम विभाग

ने अगले 3-4 दिनों में लू से राहत के साथ ग्वालियर, सागर, रीवा, जबलपुर संभाग समेत दर्जनों जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया है।

समाचार संक्षेप में :-

- दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद और गोवा के कैबिनेट मंत्री सुभाष देसाई ने आज तड़के उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की।
- आईपीएल में आज शाम साढ़े सात बजे अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मुकाबला होगा।

....